Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 02-12-2021 | अंक 72

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सूचना

बरही प्राइवेट आईटीआई में 12 दिसम्बर तक वैसे बच्चे जो फीटर में नामांकन करवाना चाहते है। वैसे बच्चो के लिए फिटर में भारी छूट है। मात्र 25000 में फीटर कम्पलीट कराया जा रहा है। वैसे बच्चे जो SC,ST,OBC के अन्तर्गत आते है। उन बच्चों को कल्याण विभाग की और से 18000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।




## आश्वाशन के बाद भी नही हुआ बुद्धिजीवी मंच कार्यालय के आस पास की साफ – सफाई




बुद्धिजीवी मंच कार्यालय

**अपेम लाइव : बरही**

बुद्धिजीवी मंच के द्वारा बरही सीओ सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को एक महीना पहले बुद्धिजीवी मंच कार्यालय के आस पास के फैली गंदगी एवं झाड़ियों का साफ सफाई को लेकर आवेदन दिया गया था। जिसका सफाई एक माह बीत जाने के बाद भी नही हो पाया है। जिसको लेकर बुद्धिजीवी मंच के सदस्यों ने क्षोभ प्रकट किया है।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में माँ और बेटा घायल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अन्तर्ग रसोईया धमना निवासी भवानी साव की पत्नी सरिता देवी उम्र 45 वर्ष एवं उनका बेटा विनोद कुमार उम्र 22 वर्ष घायल हो गया। जिनका इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

# कोरोना के नए वैरियंट ओमीक्रोंन से बचाव के लिए कोविड गाइड लाइन का पालन जरूरी

## सात गुना तेजी से फैलता है नया वैरियंट ओमिक्रोन, मास्क व दो गज दूरी जरूरीः डॉ अनिल कुमार

**अपेम लाइवः बरही**



डॉ अनिल कुमार



नया वैरिएंट ओमिकॉर्न

कोरोना यूं तो फिलहाल देश मे कंट्रोल में है। लेकिन इधर दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए वैरिएंट ओमीक्रोन से पूरे विश्व को चिंता में डाल दिया है। कोरोना एक्सपर्ट एवं बरही के जाने माने चिकित्सक सह अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार अपनी रिसर्च के आधार पर बताया कि डेल्टा वैरिएंट की त्रासदी को पूरा विश्व अभी भूल भी नही पाया था , कि डेल्टा से सात गुना अधिक तेजी से फैलने वाला ओमिकॉर्न वैरिएंट ने दस्तक दे कर पूरे विश्व को दहसत में डाल दिया है। मात्र एक सप्ताह पूर्व साउथ अफ्रीका में इस म्यूटेंट वैरिएंट की पुष्टि हुई तो विश्व के अधिकांश देशों ने साउथ अफ्रीका से आने जाने फ्लाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया और ओमिकॉर्न से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी हैं। दरअसल खतरा इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि ओमनीकॉर्न वैरिएंट में कोविड से 8-9 बार म्युटेशन होने के बाद अस्तित्व में आया है और डबल डोज़ वैक्सीन लेने वालों को संक्रमित कर रहा है। अब प्रश्न यह है कि क्या मौजूद कोविड वैक्सीन ओमिकॉर्न वैरिएंट से हमे बचा पाएगी? डेल्टा त्रासदी से उबरने के 6 माह बाद जब पूरे विश्व मे अर्थ व्यवस्था पटरी पर आ रही थी। लोग त्योहारो और शादी के जश्न के द्वारा अपने आप को खुश रखने की कोशिश कर रहे थे। तभी ओमीक्रोन ने अचानक ब्रेक लगा दिया है। हमे भी अपना बचाव करना है,जो सीख हमने डेल्टा वैरिएंट के संक्रमण काल मे ली थी। उसे अमल में लाना है,स्टैंडर्ड प्रोटोक०ल जैसे दो गज दूरी मास्क है जरूरी को फॉलो कठोरता से पालन करना है। और करवाना है । क्योंकि यह वैरिएंट डेल्टा से 7 गुना ज्यादा तेजी से फैलता है। वैक्सीन ही कुछ हद तक ओमनीकॉर्न के संक्रमण से रक्षा कर सकता है।इसलिए वैक्सीन लेना एकमात्र विकल्प हो सकता है,। एक प्रश्न यह भी है कि कोविड वायरस में इतना अधिक म्युटेशन होने से क्या वैक्सीन हमें सुरक्षित कर पाएंगी,क्या नए वैक्सीन की जरूरत पड़ेगी? अभी जब कि 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चो का वैक्सीनशन शुरू भी नही हो पाया है। हमे इन्हें कैसे बचाएंगे ,स्कूल खुल रहे है तो छोटे छोटे बच्चो का क्या होगा। जिनके वैक्सीन की कोई पहल हमारे देश मे हो ही नही पाई है। कुल मिला के हमे सतर्क रहना है। स्वस्थ जीवन शैली का पालन करते रहना है। ओर कोविड प्रोटोकॉल को फॉलो करते रहना है। सरकारें तो अपना काम करेंगी ही लेकिन हमें डेल्टा वैरिएंट के संक्रमण काल मे प्राप्त अनुभवों के आधार पर अपना और अपनों का बचाव करना है। सूचना यह भी मिल रही है की सिर्फ ओमनीकॉर्न न सिर्फ सात गुना ज्यादा तेजी से फैलता है। बल्कि बुखार, जोड़ो में दर्द, जैसे लक्षण भी नही होता बल्कि फेफड़ों पर सीधा असर करता है। कोई खास लक्षण नही होने की स्थिति में एक्सरे अथवा सीटी स्कैन से फेफड़े को संक्रमित होने का पता चलता है। यह वैरिएंट न०र्मल कोविड टेस्ट से भी नही पता चलता है। क्योंकि वायरस गले की ऊपरी और नाक के पीछे के हिस्से में रुकता नही है। सीधे फेफड़ों में जाता है। और संक्रमित करता है। इसीलिए और भी सतर्क रहने की जरूरत है। मास्क पहनना और भीड़ भाड़ से बचना ही इस वैरिएंट से बचने का एक मात्र उपाय है।

## प्रभारी बदलते ही अनुमंडलीय अस्पताल की सूरत बदलने की कवायद शुरू, स्वास्थ्यकर्मियों को मिले निर्देश

### दो माह के अंदर ब्लड बैंक एवं डिजिटल एक्सरे की सुविधा होगी शुरू, जनता को मिलेगी हर सुविधाएं : डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइवः बरही**



डॉ प्रकाश ज्ञानी (डीएस)

अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस सह प्रभारी का कमान डॉ प्रकाश ज्ञानी को मिलते ही अस्पताल की सूरत बदलने की कवायद शुरू कर दी गई है। अस्पताल का जीर्णोद्धार का काम के साथ साथ जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। नए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अपने स्वास्थ्यकर्मियों एवं कार्यालयकर्मियों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दे दिया है कि किसी भी हालत में जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नही रखा जा सकता है। उन्हें वे हर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। जिसे सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। सभी कर्मियों को समय पर हॉस्पिटल आने एवं प्रस्थान करने का भी निर्देश दिया है। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल तीन तीन नेशनल हाइवे के संगम पर अवस्थित है। जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। मरीज को तत्काल ब्लड की जरूरत होती है। मौके पर ही ब्लड की व्यवस्था नही होने से कई घायल मरीजो की मौत हो जाती है। इसलिए प्राथ. मिकता के आधार पर ब्लड बैंक शुरू किया जाएगा। इसके लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दो माह के अंदर हर हालत में ब्लड बैंक शुरू करा दिया जाएगा। डीएस ने बताया कि अस्पताल को डिजिटल एक्सरे भी उपलब्ध करा दिया गया है। उसे इंसटाल कर जल्द ही कार्यरूप में लाया जाएगा। इसके लिए भी व्यवस्था किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने बताया कि उनके पास हड्डी रोग विशेषज्ञ नही है। विभाग से सर्जन की मांग की जाएगी। अस्पताल में दवा की कमी नही हो इस पर भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, समाजसेवियों एवं आम जनता से सहयोग करने की अपील की है।

## समाजसेविका के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक




शोक व्यक्त करते जनप्रतिनिधि

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुवाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मो जमीरउद्दीन के माँ सफिदा खातून निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। पिछले दो माह से बीमार थी। निधन की सूचना पर जिला परिषद् सदस्य प्रति. निधि मो क्यूम, गणेश यादव, पप्पू खान, प्रभु यादव, संजय राम, संतोष राम, खुर्शीद आलम, रफीक अंसारी, शेखावत अंसारी, विजय यादव, हलीम अंसारी, विकाश मोदी, ताहीर अंसारी एवं ताहीर अंसारी आदि मृतक के घर पहुंचकर शोक संवे. दना प्रकट की। मो कयूम ने कहा कि सफिदा खातून सामाजिक महिला थी। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती थी।

## सूचना

हज़ारीबाग ज़िला जूनियर वॉलीबॉल टीम का चयन रविवार पांच दिसम्बर को झारखण्ड राज्य जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता दिनांक 15.12. 21 से 19.12.21 तक डाल्टनगंज मे होने जा रहा है इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता मे हज़ारीबाग ज़िला टीम भी भाग लेगी इस प्रतियोगिता हेतु हज़ारीबाग टीम का चयन दिनांक 5.12.21 रविवार 10 बजे से संत स्टीफेंस स्कूल मे होगा ज़िले के सभी जूनियर खिलाडी जिनका जन्म 01. 01.2003 है इस चयन मे भाग ले सकते है खिलाडी अपने जन्म प्रमाण के लिए 10 वी का सर्टिफिकेट/आधार कार्ड/या ब्ल०क का जन्म प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है तभी ये चयन मे भाग ले सकते है विशेष जानकारी के लिये जिला वॉलीबॉल अध्यक्ष भैया अभिमन्यु प्रसाद संपर्क नंबर 9431140646 सचिव अनवर हुसैन 9431395306 सह सचिव प्रियरंजन सिंह 7667897205 सह सचिव अज़हर आलम 7903993354 मीडिया प्रभारी राजकुमार गिरी (सानू) 9835539233 के नंबर पे पर संपर्क कर सकतें हैं ।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



# रेन्बो स्कूल में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**

विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर शिवपुर गडलाही स्थित रेन्बो स्कूल बरही में पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हाउस के आधार पर छात्रों के बीच ओरल क्विज प्रतियोगिता में कक्षा सातवी, आंठवी तथा नवमी के बच्चे शामिल हुए। अन्य कक्षा के छात्र, छात्राएं लिखित प्रतियोगिता में शामिल हुए । लिखित क्विज प्रतियोगिता में क्लास छह से प्रथम स्थान चंदन कुमार, द्वितीय रूपेश कुमार, तृतीय लक्ष्मी कुंमारी रही। इसके अलावे अरबाज़ हुसैन, सबनूर प्रवीन, करण कुमार, जानवी यादव, इनाया आलोक कुमार का प्रदर्शन बेहतर रहा। वही पेंटिंग प्रतियोगिता में ईशु कुंमारी, आयुष कुमार, प्रियांशू कुंमारी ने बाजी मारी। ओरल क्विज प्रतियोगिता में कक्षा अम्बेडकर ग्रुप तथा दयानंद ग्रुप के छात्र छात्राओं ने 3 अंक से जीत हासिल की। अम्बेडकर और दयानंद ग्रुप में धीरज कुमार, रूपेश कुमार, आलोक कुंमार, एहसान, निशि कुंमारी, सिंधु कुंमारी, राहुल कुंमार, संदीप कुमार, विकास कुमार, रानी कुंमारी, काजल कुंमारी, सोनम कुंमारी, बिपिन कुमार, विवेक कुमार , प्रिंस कुमार आदि शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि आज सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है। बिना इसके कोई भी व्यक्ति, कार्यालय, संगठन काम करने में असमर्थ महसूस करता है। कंप्यूटर सीखने की प्रक्रिया में हाल के वर्षों में काफी तेजी आई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कंप्यूटर की शिक्षा का प्रसार करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को कंप्यूटर के उपयोग में दक्ष बनाना है। रेन्बो स्कूल में बच्चों को अन्य विषयों के साथ साथ कंप्यूटर विषय को प्राथमि. कता के साथ बच्चों में बौद्धिक विकास एवं कौशल क्षमता को बढ़ाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मौके पर शिक्षको में गौरीशंकर , शुभम कुमार, राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, खुशबू सिंह, पवन कुमार, स्वेता कुमारी, रिफ्फत, रिंकी कुमारी, रानो कुमारी, सरिता कुमारी, सुधा कुमारी, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, सरिता कुंमारी, पूजा कुमारी आदि उपस्थित रहे।



बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुरस्कृत बच्चे

# “नेशनल कंप्यूटर डे” पर श्री दस स्कूल में नाटक (विषय- शिक्षा का महत्व) “मोटिवेशनल स्टोरी” लेखन प्रतियोगिता एवं “कंप्यूटर प्रोजेक्ट मेकिंग” प्रतियोगिता का आयोजन

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से श्रीदस के विद्यार्थियों ने अपनी सोच व सृजनशीलता का बेहतरीन प्रदर्शन किया ......

**अपेम लाइवः बरही**

देव चंदा मोड़ स्थित श्री दस इंटरनेशनल स्कूल में नेशनल कंप्यूटर डे के अवसर पर विधार्थियों के बीच नाटक (विषय- शिक्षा का महत्व) , मोटिवेशनल स्टोरी लेखन ,प्रोजेक्ट मेि. कंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी कला कौशल का परिचय देते हुए बहुत आकर्षक एवं प्रेरणादायक रचनाएं रची। जिनमें कक्षा पाँचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रोहित राज सिंह ने बताया कि वर्तमान की विषम परिस्थितियों में भी विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं हैं। ऐसे में उनकी इस प्रतिभा को सही मार्गदर्शन एवं दिशा के साथ-साथ अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है जिस का निर्वाहन हम भली भांति कर रहे हैं। साथ ही इन बच्चों ने अपनी सोच एवं सृजनशीलता का परिचय देते हुए अपनी सोच को कला के रूप में अभिव्यक्त किया । विद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में कौशल का विकास व उनकी प्रतिमाओं का चहुमुखी विकास में पहल करता रहेगा। जिन विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट मेि. कंग प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें कक्षा पाँचवी से- प्रथम संजना कुमारी, द्वितीय दीपिका कुमारी, तृतीय सिमरन कुमारी ,प्रिया कुमारी और अनुकल्प कुमार, कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान अभिषेक कुमार , द्वितीय ज्योति कुमारी,तृतीय नमन राय, प्रीति कुमारी, प्रिंसी राणा, कक्षा छठी से प्रथम मिष्ठी कुमारी गुप्ता, द्वितीय प्रियांशु कुमारी, तृतीय सौरभ जैसवाल, बिंदिया, अर्चना ,कक्षा आठवीं से प्रथम शिवम सिंह, द्वितीय अंजली कुमारी , तृतीय अनुकल्प सिंह ,तमन्ना आफरीन ,मधु कुमारी कक्षा 9वी से प्रथम स्वातिका सिंह, द्वितीय सावन कुमार, तृतीय नसरीन प्रवीण, बबलू रजक ,श्रुति प्रिया, जिन विद्यार्थियों ने नाटक में भाग लिया उनमें प्रथम स्थान शुभम पांडे, द्वितीय स्थान प्रीति कुमारी, तृतीय स्थान अमोस नयन सांगा, जिन विद्यार्थियों ने मो. टिवेशनल स्टोरी लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें कक्षा छठी से प्रथम स्थान मोनिका कुमारी ,द्वितीय स्थान सुहानी सिन्हा ,तृतीय स्थान धनंजय कुमार ,मिष्ठी कुमारी ,अरुण यादव, कक्षा सातवीं से प्रथम स्थान प्रीति कुमारी, द्वितीय स्थान सिमरन मेहता, तृतीय स्थान आरजू जीनत सानिया शर्मा छवि सिंह ,कक्षा आठवीं से प्रथम तमन्ना आफरीन, द्वितीय स्थान संजीत राय, तृतीय स्थान सान्या सिंह, मधु कुमारी ,अंजली सिंह ,कक्षा 9वी से प्रथम स्थान स्वा. तिका सिंह, द्वितीय स्थान एमडी अली हसन, तृतीय स्थान नसरीन प्रवीण आदि विद्यार्थियों के साथ साथ इस प्रतियोगिता के आयोजन में शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा ।



बेहतर प्रर्दशन करने वाले छात्र

### आज का पंचाड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---03.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---चतुर्दशी तिथि
दिन :---शुक्रवार
नक्षत्र :---विशाखा नक्षत्र दिन 01:24 मिनट तक उपरांत अनुराधा नक्षत्र
योग :---अतिगंड
करण :---श
सूर्योदय :---प्रातः 06:44
सूर्यास्त : संध्या 05:16
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---तुला राशि में प्रातः 07:46 मिनट तक उपरांत वृश्चिक राशि में
आज का राहूकाल दिनरू---10:30 बजे से दिनरू---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज कुंजि. कास्तोत्र का पाठ करने से भौतिक सुखों में वृद्धि होती है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660




APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरहोर परिवारों के बीच विधायक ने किया कम्बल वितरण

**अपेम लाइव : चौपारण**
**धीरज प्रजापति**


कम्बल वितरण करते विधायक व अन्य

चौपारण : बढ़ते ठंड को देखते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव द्वारा बुधवार को दुरागढा के बिरहोर परिवारों के लगभग 100 परिवारों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विधायक अकेला का भव्य स्वागत किया गया। वहीं विधायक उमा शंकर अकेला ने कहा कि आगे भी हर सम्भव गरीबों की मदद की जाएगी। वहीं पांच गांव मुड़िया , दुरागढा मोरेनिया ,सिकदा और ढोढ़ीया के ग्रामीणों द्वारा गांव में बिजली पहुंचाने के लिए आवेदन दिया गया। बता दें कि उक्त पांचों गांव में आजादी के बाद से अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। बिजली की मांग करने वालो में महेश बिरहोर, बलगोबिंद सिंह,चिन्तामन सिंह, कैलाश सिंह,बासुदेव सिंह,इंद्रदेव सिंह,प्रभु मुंडा,गनपत सिंह सहित अन्य शामिल थे। वहीं कम्बल वितरण के दौरान काँग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, बिडब्लूवो अशोक कुमार,समाजसेवी नागेंद्र कुमार,नागेंद्र कुमार, कोठारी सिंह, जानकी यादव,नरेश सिंह,सतीश सिंह,कारू बाबा , भावी मुखिया उम्मीदवार ब्रह्मदेव भुइयां, पूरन भुइयां, ओम सिंह, विक्रांत प्रजापति व अन्य शामिल थे।

## गौरियाकरमा में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी


शिविर का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि

**अपेम लाइवः बरही**

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गौरियाकरमा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, प्रमुख मंजू देवी,जिला महासचिव अब्दुल मनान वारसी, समाजसेवी रामचंद्र यादव, स्वास्थ विभाग के विधायक प्रति. निधि मो रुस्तम, समाजसेवी बिरजू पासवन, मुखिया मनोज कुमार एवं सुनील साहू ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्ट०ल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मन. रेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपार्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्ट०ल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई।

## उरवां में "आपके अधिकार, आपके सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन

### दाखिल खारिज एवं रसीद काटने में पैसा लिया तो सरकार उसको नापने का काम करेगी : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक उमाशंकर अकेला

प्रखंड के उरवां पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय उरवां में "आपके अधिकार, आपके सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन प्रधान कलवा देवी की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला, जिप सदस्य महादेव राम, बीडीओ संजय कुमार यादव उपस्थित थे। शिविर में कल्याणकारी योजना जैसे कि वृद्धा पेन्शन, विधवा पेन्शन, नया राशन कार्ड, राशन कार्ड में त्रुटि कि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा कार्ड , प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, कृषि ऋण माफ़ी आदि योजनाओं का आवेदन लिया गया। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब योजना से छूटे नहीं इसके लिए राज्य सरकार कड़ाई से अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार प्रत्येक गरीबों को राशन कार्ड मुहैया कराएगी। उन्होंने समाज के संपन्न व्यक्तियों से आग्रह करते हुए कहा कि कृपया वो राशन कार्ड ना बनाएं यह योजना गरीबों के लिए है। उन्होंने निवेदन किया कि जिन संपन्न व्यक्तियों का राशन कार्ड बन गया है वो अपना राशन कार्ड सरेंडर करें। ताकि गरीबों का राशन कार्ड बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अंचल में अगर कोई दाखिल खारिज एवं रसीद काटने में पैसा लिया तो सरकार उसको नापने का काम करेगी। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में कई लाभुकों को सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में जमा किए गए आवेदनों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए गरीबों को योजना का लाभ दिलाने का अपील किया। कार्यक्रम के दौरान कई गरीब लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, ड०. विनीत कुमार, अंचल निरीक्षक दिनेश राम, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, मनोज पासवान, प्रखंड आपूर्ति पदा. धिकारी कुंदन सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र पासवान, बिनोद दास, मोती दास, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्णवाल, अरूण प्रसाद, संतोष पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES



- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum






इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से




## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,
शुभ दीपावली





रामदेव साव | सुभाष पासवान | मंटु सिंह





सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार | बिनोद कुमार | टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सफलता एक्सप्रेस कोचिंग में हुआ क्विज प्रतियोगिता आयोजन

**अपेम लाइव :चौपारण**


प्रतियोगिता में शामिल लोग

सिंघरावां में संचालित सफलता एक्सप्रेस कोचिंग सेंटर में कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर छठी से दसवीं कक्षा के बच्चों का क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 300 बच्चों ने भाग लिया संस्थान के निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि सिंघरावां, बच्छई, जगदीश. पुर, पाण्डेयबारा आदि पंचायतो में संचालित कोचिंग संस्थान व स्कुल के बच्चे हुए सम्मिलित। निदेशक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में मान. सिक विकास होता है और अभी से बच्चों के मन में कंपटीशन की भावना जागृत होता है। बताया कि क्विज़ प्रतियोगिता में गणित, रीज. निंग, जीके और हिंदी विषयों से प्रश्न पूछा गया था। परीक्षा परिणाम आगामी 12 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। परीक्षा में आए शिक्षक मनीष गिरी, बंटी कुमार, राज गुप्ता, सिंकू गुप्ता, सुनील कुमार ,विवेक कुमार, सुनील कुमार यादव, अमित कुमार, उपस्थित थे द्यपर्यवेक्षक में बिरजू प्रसाद, मनीषा कुमारी, रवि कुमार, रक्षा कुमारी, उदय कुमार, आकाश कुमार, रोशन वर्मा, बिट्टू सिंह, रोहित कुमार ,मनीष कुमार ,गणेश कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे द्यअंत में संस्थापक अनिल कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का रिजल्ट 12 दिसंबर दिन रविवार को 11: 00 बजे दिया जाएगा जिसमें फर्स्ट सेकंड थर्ड के अलावा सभी बच्चों को प्रोत. साहन स्वरूप पुरस्कार दी जाएगी

## चौपारण पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 36 घण्टे के भीतर चोरी का ट्रेलर बरामद

**अपेम लाइव :चौपारण**


बरामद ट्रेलर

थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो के नेतृत्व में चौपारण पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बीते बुधवार की सुबह चौपारण के चतरा मोड़ के समीप स्तिथ महेंद्र साहू के घर के सामने से चोरी हुए ट्रेलर को चौपारण पुलिस ने मात्र 36 घण्टे के भीतर ही खोज निकाला। इस सम्बंध में थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो ने बताया कि चोरी की घटना संज्ञान में आते ही टीम गठित की गई औऱ खोजबीन शुरू की गई। बिहार के आमस से लेकर टॉल टैक्स तक छान मारा गया। वहीं चतरा रोड में भी कुछ को भेजा गया। तभी चतरा के गिधौर थाना अंतर्गत रमटुंडा के समीप एक ट्रेलर खड़ी होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर वहां गाड़ी बुक करने के लिए वाहन मालिक महेंद्र साहू भी वहाँ पहुंचा तो तब पता चला कि जिस गाड़ी की चोरी हुए था वही गाड़ी है और नंबर प्लेट भी उसी तरह लगा हुआ है। जिसके बाद देर शाम उक्त वाहन को चौपारण लाया गया है।

## सांढ़ पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



शिविर में शामिल लोग

प्रखण्ड के सांढ़ पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद ने सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। कहा कि सरकार चाहती है आपको किसी भी सरकारी काम को करवाने में परेशानी नहीं हो इसलिए सरकार के सभी विभाग के अधिकारी को ही आपके बीच भेज दिया गया हैं। प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन , सामाजिक सुरक्षा पेंशन ,ज०ब कार्ड, इ श्रम कार्ड, चिकित्सा संबंधी, मनरेगा , डोभा, गाय, बकरी शेड,राशनकार्ड अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है । मौके पर जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार, पसस बासमती कुमारी, प्रभारी मुखिया कैलास महतो, खाद आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, रिंकू रवि, भास्कर कुमार ,असगर अली, अरुण पासवान, बुधन कुमार, दीपक कुमार, रविंद्र कुमार, वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान ,धर्मेंद्र कुमार, सुखदेव महतो, राम पासवान,विकाश कुमार, से. विका पूनम देवी, आरती देवी, लीलावती देवी, आनन्द कुमार, सुरेश महतो, संदिप कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मसकेडीह प्रधान ने किया कंबल वितरण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**


क्म्बल वितरण करते प्रधान

चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह में पंचायत प्रधान अजहरुद्दीन पंचायत सचिव पूरन पा. सवान रोजगार सेवक अफजल अली के द्वारा पंचायत भवन परिसर में संयुक्त रुप से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया मौके पर पंचायत समिति सदस्य दाऊद अली भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह एवं गणेश ठाकुर, रामपुकार सिंह, सावित्री देवी ,जानकी देवी, गणपत ठाकुर, नागेश्वर सिंह, मानिक सिंह, राजू सिंह, टोकन सिंह, प्रकाश सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली बिल सूद माफी योजना 15 दिसंबर तक

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

झारखंड बिजली बोर्ड के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल शुद्ध माफी योजना 15 दिसंबर तक निर्धारित है। उक्त आशय की जानकारी बिजली विभाग के कनीय अभियंता सत्यदेव कुमार ने दी है। योजना को लेकर कनीय अभियंता ने बिजली उपभोक्ताओ से कहा है कि बिजली बिल मूलधन में जुड़े सिर्फ सूद ही माफ होंगे ना कि पूरा बिजली बिल, उपभोक्ता को बिजली बिल का पूरा मूलधन जमा करना होगा । प्रखंड में 18 हजार बिजली उपभोक्ता है लोग योजना का लाभ उठाएं यह योजना 15 दिसंबर तक ही निर्धारित है। प्रखंड के उपभोक्ताओं के लिए गुरु चट्टी विद्युत कार्यालय एवं केरेडारी में बिजली सबस्टेशन में रोजाना सोमवार से लेकर शनिवार तक शिविर लगाई जाएगी जो शिविर 15 दिसंबर तक जारी रहेगा।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक व पूर्व विधायक ने हाथी प्रभावित गांवो का किया दौरा

### अधिकारीयों को मुआवजा जल्द भुगतान करने का दिया निर्देश : अमित यादव

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**





किसानों से मिलते विधायक अमित यादव

विधायक अमित कु यादव ने गुरुवार को बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर जंगली हाथियों के उत्पात से त्रस्त किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर वन रक्षी अमर आनंद, अंचलाधिकारी भी मौजूद थे। विधायक ने सिमरिया, मनैया समेत अन्य गांवों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने विधायक अमित कु यादव को बताया कि हाथियों के कारण पूरा इलाका में ख़ौफ़ का माहौल हैं। विधायक ने वन विभाग अधिकारियों को निर्देश देते हुवे कहा कि ग्रामीणों को हाथियों को आंतक से निजात दिलाने के लिए जल्द ही बाँकुड़ा की टीम बुलाएं और जंगली हाथियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये। साथ ही उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों को फसलों और अन्य संपत्तियों की बर्बादी का आकलन कराए और अविलंब प्रभावितों को मुआवजा दें। आपको बता दे कि 5वें दिन हाथियों का उत्पात जारी रहा है। हाथियों का दो अलग अलग झुंड हैं एक झुंड में 12 व दूसरे झुंड में चार की संख्या हैं। वन विभाग की टीम और ग्रामीणों की प्रयास से दोनो को एक साथ किया गया, परंतु दोनों झुंड फिर से बिखर गए। मौके पर अशोक बर्णवाल, इंद्रदेव यादव, सुभाष ठाकुर, रामेश्वर यादव, सरयू प्रसाद, विजय कुमार, भोला राम, अवध राय समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सैनिक स्कूल के समक्ष मजदूरों का दूसरे दिन धरना जारी, वार्ता विफल

### सैनिक स्कूल की मनमानी नहीं चलेगी - अमित कुमार

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



धरना कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक अमित कुमार यादव

सैनिक स्कूल तिलैया में वर्षो से कैजुवल व कॉन्ट्रैक्टचुवल में कार्यरत मजदूरों को सैनिक स्कूल प्रबंधन द्वारा निकाले जाने एवं प्रिंसिपल की के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरना पर बैठे मजदूरों की मांग को समर्थन करने पहुंचे निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव व जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने मजदूरों की मांगों का समर्थन किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि सैनिक स्कूल के प्राचार्य की मनमानी रवैया को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल के प्राचार्य द्वारा स्थानीय मजदूरों कि वर्षो से सेवा लेने के बाद इस तरह से बाहर का रास्ता दिखाना कहीं से भी उचित नहीं है। देर शाम धरना पर बैठे मजदूरों व अतिथियों को प्राचार्य राहुल सकलानी ने वार्ता के लिए अपने चेंबर में बुलाया। जहां काफी तर्क-वितर्क के बाद प्राचार्य द्वारा मजदूरों की मांगों को मानने से इनकार करते हुए कहा कि उनके द्वारा की गई बहाली नियम संगत हुई है। जबकि वार्ता में शामिल निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि मजदूरों की मांग जायज है। मजदूरों को उनका हक मिलना चाहिए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अगर मजदूरों की मांग को नहीं माना गया तो धरना का कार्यक्रम अनवरत जारी रहेगा और चौंबर से बाहर निकल गए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज साव, रामलखन यादव, विधयक प्रतिनिधि सरयू प्रसाद वर्मा, धानेश्वर ठाकुर, उमेश यादव, अरुण यादव अरविंद यादव, कांटी मुखिया रमेश प्रसाद, बड़की धमराय मुखिया प्रतिनिधि किशोर यादव, सुधाकर यादव, सुरेंद्र कुमार यादव, कृष्णा यादव, पंसस महेश प्रसाद, राजकुमार पांडेय, रामचंद्र गोप, जगन्नाथ स्वर्णकार, मोहम्मद इशाक, सोहन यादव, बासुदेव यादव, राजू यादव, महावीर राम, अशोक यादव, छोटूराम, महेंद्र ठाकुर, मुकेश यादव, बालेश्वर यादव, गोपाल रजक, किशोर राम, राजेश रविदास, सोनू कुमार, राजू ठाकुर, अर्जुन राम, संजय कुमार, द्वारिका राम, गुरुचरण पासवान, महेंद्र




Our Partners

ICICI Lombard General Insurance · TATA AIG Insurance · Liberty General Insurance · HDFC ERGO · Future Generali Total Insurance Solutions · digit · care Health Insurance · Royal Sundaram General Insurance · Oriental Insurance · New India Assurance · Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy




